वर्ष: 02 अंक: 09

आज़ादी का अमृत महोत्सव

आयोग की मासिक पत्रिका

एक कदम पारदर्शिता की ओर

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

न्यूजलेटर - मार्च - 2023



# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग

**पांचवां तल, लोक नायक भवन, खान मार्किट**
**नई दिल्ली-110003**

# राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
## न्यूजलेटर

वर्ष: 02 अंक: 09
मार्च 2023

**संपादक**
राजेश रंजन सिंह

ई–मेल : singh.rr9@gmail.com
@srajeshranjan

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका का यह 21वां अंक है। अभी तक आप सभी के सहयोग व मार्गदर्शन से सफलतापूर्वक 20 अंकों का प्रकाशन किया जा चुका है। पूर्ववत ही इस बार भी हमने पत्रिका में स्थलीय निरीक्षणों, समीक्षा बैठकों व अन्य महत्वपूर्ण विषयों को जगह दी है ताकि आम जनता को आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की वस्तुत: जानकारी मिल सके। इस अंक में सोशल मीडिया द्वारा मिली जानकारी के आधार पर लिए गए संज्ञान के मामले को भी जगह दी गई है। साथ ही बीते माह मीडिया में प्रकाशित आयोग की खबरों को भी प्रकाशित किया गया है। आशा है मासिक पत्रिका के जरिए आपको जानकारी मिलती रहे और पत्रिका प्रकाशन में आपका सहयोग मिलता रहे।

धन्यवाद

**किसी भी प्रकार के सुझाव और शिकायतों के लिये संपर्क करें:**
**011 - 24620435 & 24606802**

**राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग**
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
**भारत सरकार**

5th Floor, Lok Nayak Bhawan, Khan Market,
New Delhi - 110003

**website: http://ncsc.nic.in**

ऑनलाइन शिकायत यहां दर्ज करें:
**https://ncsc.negd.in/**

## National Commission for Scheduled Castes



**श्री विजय सांपला**
**अध्यक्ष**




**श्री अरूण हालदार**
**उपाध्यक्ष**



**डॉ. अंजू बाला**
**सदस्या**



**श्री सुभाष रामनाथ पारधी**
**सदस्य**




@NCSC_GoI @NCSC.GoI @ncsc_goi

# माननीय अध्यक्ष का संदेश



श्री विजय सांपला
अध्यक्ष

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की वार्षिक रिपोर्ट तैयार की जा चुकी है। अप्रैल माह के दौरान इसे आगे की कार्रवाई करने के निर्देश के साथ सरकार को अग्रेषित करने के लिए यह रिपोर्ट माननीय राष्ट्रपति को प्रस्तुत किए जाने की योजना है। इस रिपोर्ट में वर्ष 2020-21 और 2021-22 की अवधि के दौरान आयोग द्वारा किए गए कार्य तथा उक्त पर आयोग की संस्तुतियों को शामिल किया गया है। हमारा प्रयास है कि आयोग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी को मासिक पत्रिका के माध्यम से आप सभी तक पहुंचाया जा सके। इसके लिए, 20 अंक प्रकाशित भी किए जा चुके हैं और इस बार 21 वां अंक प्रकाशित किया रहा है।

आयोग के कार्यों को डिजीटल मोड में करने के लिए भास्कराचार्य इंस्टीट्यूट फॉर स्पेस एप्लिकेशन एंड जियो-इंफॉर्मेटिक्स (बीआईएसएजी-एन) के ग्यारह सदस्यों और दो प्रबंधकों को बीते 1 मार्च, 2023 को आयोग
मुख्यालय में नियुक्त कर दिया गया है। इससे पूर्व आयोग का समस्त डाटा स्केन करके ऑनलाइन कर दिया गया है और फाईल माईग्रेशन का काम प्रगति पर है।

इसके अलावा बीते मार्च माह के दौरान भी अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के साथ अत्याचार, भेदभाव की घटनाओं पर राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की कड़ी नजर रही है। लोगों से मिली शिकायतों, मीडिया-सोशल मीडिया के माध्यम से रिपोर्ट की गई ऐसी घटनाओं पर आयोग ने पूर्ववत ही संज्ञान लिया और नोटिस जारी किए। कई मामलों में आयोग के दल ने घटना की पूर्ण जानकारी लेने के लिए स्थलीय निरीक्षण भी किया।

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए आयोग मुख्यालय से लेकर राज्य कार्यालयों में भी शिकायतों का निपटारा करने के लिए जनसुनवाई की जाती है। आयोग की प्रतिबद्धता है कि शहरों से लेकर दूरस्थ गांवों में रह रहे अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाया जा सके। इसके लिए आयोग हर संभव प्रयास कर रहा है।
मासिक पत्रिका को सफल बनाने के लिए आपका सहयोग पूर्ववत वांछनीय रहेगा।

जय हिंद !

सादर धन्यवाद

**विजय सांपला**

अध्यक्ष,
राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
भारत सरकार

# सफल मामले



# 'आयोग' की अनुशंसा पर मिली महिला को नौकरी

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने बीते माह एक मामले की सुनवाई की जिसमें वादी को नौकरी दिलाई गई। यह मामला झारखंड निवासी श्रीमती सुनीता कुमारी को अनुकंपा के आधार पर नौकरी दिलाने से संबंधित था। इस मामले में श्रीमती सुनीता देवी ने आयोग के समक्ष आवेदन किया था कि उन्हें अनुकंपा के आधार पर भारत कोकिंग कोल लिमिटेड(बीसीसीएल) में नौकरी दिलाई जाए।

इस पर आयोग ने नोटिस जारी करने से लेकर सुनवाई तक की प्रक्रिया को पूरा किया। अंततः इस मामले में बीसीसीएल ने आयोग की अनुशंसा को माना और श्रीमती सुनीता कुमारी को नौकरी दी।

बीते माह नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग मुख्यालय में आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला की अगुवाई में हुई सुनवाई के दौरान बीसीसीएल के संपर्क अधिकारी श्री बिनय रंजन टूडू ने बताया कि 28 नवंबर 2022 और 3 जनवरी 2023 को की गई आयोग की अनुशंसा का अनुपालन करते हुए श्रीमती सुनीता देवी को वर्णित शर्तों के तहत कैटेगरी-1 के आरंभिक मूल वेतनमान (केवल) पर 6 माह के लिए प्रशिक्षु (सरफेस) के पद पर नियुक्ति पत्र जारी कर दिया गया है।

पूरे मामले की जानकारी लेने के बाद आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला ने कहा कि प्रार्थी को अनुकंपा के आदार पर नियुक्ति पत्र ज़ारी किया जा चुका है और वह इससे पूरी तरह से संतुष्ट भी है। इसीलिए आयोग इस प्रकरण को बंद करता है। माननीय अध्यक्ष ने इस पर खुशी भी जाहिर की।

# सोशल मीडिया से संज्ञान



Vijay Sampla
10.7K Tweets
Following

Vijay Sampla @thevijaysampla · Mar 12
बेटी पंपोशा MBBS की पढ़ाई पूरी कर अमृतसर में अपनी इंटर्नशिप कर रही थी।आरोपी बेटी को धमकाते थे कि वह भविष्य में उसे कभी डॉक्टर नहीं बनने देंगे।मीडिया में चल रही इन खबरों का स्वत संज्ञान लिया है।@cpamritsar एवं @DCAmritsar अब तक की कार्यवाही रिपोर्ट तुरंत @NCSC_GoI को भिजवाएं।



68 26 49 2,158

पंजाब के अमृतसर स्थित गुरु रामदास मेडिकल कालेज में एमबीबीएस डॉक्टर पंपोशा ने अपने हास्टल के कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

परिवार की शिकायत पर वल्ला थाने की पुलिस ने अस्पताल की एचओडी सहित 10 के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया।

मृतका की मां के मुताबिक उनकी बेटी पर उक्त आरोपियों द्वारा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया जाता था। उसे बहुत टार्चर किया जाता था। बेटी सारी बात फोन पर बताती थी। बेटी ने एमबीबीएस की थी और श्री गुरु राम दास इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च वल्ला में इंटर्नशिप में गई थी। उक्त आरोपियों से परेशान होकर बेटी ने रात को कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

सोशल मीडिया में आई खबर पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला जी ने अमृतसर के पुलिस कमिश्नर और अमृतसर डीएम समेत संबंधित विभागों से इस मामले में की गई कार्यवाही की रिपोर्ट मांगी।

# बैठक




## पूर्वोत्तर के बैंक प्रमुखों-कर्मचारी कल्याण संघों के साथ आयोग की बैठक



बीते माह मार्च में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की ओर से एक पहल की गई। इस पहल के साथ पहली बार पूर्वोत्तर भारत में कार्यरत सभी बैंकों के प्रमुखों और अनसूचित जाति-जनजाति कर्मचारी संघों के नेताओं की एक संयुक्त बैठक बुलाई गई। इस बैठक का आयोजन गुवाहाटी शहर में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार ने की। इस बैठक में बैंकों में कार्यरत अनुसूचित जाति के अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए बनी आरक्षण नीति पर विस्तृत चर्चा की गई।

# स्थलीय निरीक्षण







## मासूम से दुष्कर्म मामले में आयोग की सख्ती

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का एक दल स्थलीय निरीक्षण के लिए उत्तर प्रदेश पहुंचा। दल की अगुवाई आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने की। यहां पहुंच कर माननीय सदस्या ने दुष्कर्म पीड़ित मासूम के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने पीड़ित मासूम को न्याय व हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आगे की कार्रवाई के लिए निर्देशित किया। माननीय सदस्या ने बाद में मीडिया को भी मामले की जानकारी देते हुए बताया कि घटना की जानकारी मिली जिसके बाद से वह लगातार उच्चाधिकारियों के संपर्क में थीं। उन्होंने पुलिस कमिश्नर से बात कर फास्ट ट्रैक कोर्ट में मामले को ले जाकर आरोपी को जल्द सजा दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष को आर्थिक सहायता दिलाने का भी प्रयास किया जाएगा।



# जमीन को लेकर हुआ संघर्ष, पीड़ितों से मिला आयोग

मध्य प्रदेश के इंदौर स्थित देपालपुर तहसील के ककवा गांव में घटित घटना पर संज्ञान लेते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग का एक दल स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचा। दल की अगुवाई आयोग के माननीय सदस्या श्री सुभाष रामनाथ पारधी ने की।

मीडिया रिपोर्टके माध्यम से आयोग को मिली जानकारी के मुताबिक देपालपुर तहसील के ककवा गांव में स्थित 0.5 हेक्टेयर भूमि 2002 में अनुसूचित जाति के 25 व्यक्तियों को आवंटित की गई थी, लेकिन एक स्थानीय परिवार उस पर अपना दावा कर रहा था। जबकि जमीन मायाराम बागरी के नाम पर थी। जब मायाराम कोर्ट के आदेश पर जमीन का कब्जा लेने पहुंचा तो उस पर हमला हो गया।

जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया था। उसे उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। हमले में सात किसान भी घायल हो गए थे। स्थलीय निरीक्षण के लिए पहुंचे माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी घायल अनुसूचित जाति वर्ग के पीड़ित परिवार से मिले और घटना की विस्तृत जानकारी ली। माननीय सदस्य ने प्रशासनिक अधिकारियों को कार्यवाही के लिए निर्देश जारी किया।

# सुनवाई



## आयोग मुख्यालय में सुनवाई

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग में समय-समय पर अनसूचित जाति के लोगों जे जुड़े मामलों की सुनवाई की जाती है। ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अरूण हालदार।

मामले की सुनवाई नई दिल्ली स्थित आयोग मुख्यालय में की गई। इस दौरान माननीय उपाध्यक्ष ने कार्यालय में आए लोगों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनका शीघ्र और न्यायपूर्ण निस्तारण करने का आदेश दिया।

## आयोग का उत्तर प्रदेश दौरा

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने मार्च माह में उत्तर प्रदेश का दौरा किया। दौरे का नेतृत्व राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की माननीय सदस्या डॉ. अंजू बाला ने किया। यहां पर उन्होंने कई विभागों के साथ बैठक की।

उनकी अध्यक्षता में आयोग ने शक्तिनगर में सोनभद्र ज़िले के जिलाधिकारी,पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के सभी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के विकास एवं कल्याण हेतु सरकारी योजनाओं एवं व्यवस्थाओं से सम्बन्धित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक की।

इस दौरान आयोग के निदेशक श्री संजय कुमार सिंह व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।






## त्वरित व न्यायपूर्ण कार्रवाई के लिए दिए निर्देश

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी ने आयोग के नई दिल्ली मुख्यालय में आए हुए व्यक्तियों की शिकायतों पर सुनवाई की।

सुनवाई के दौरान वादी और संबंधित विभागों के अधिकारियों का पक्ष जानने के बाद त्वरित एवं न्यायपूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान आयोग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# खबरों में आयोग

Hindi News / भारत / पंजाब

## राम रहीम के खिलाफ दर्ज हुआ केस, संत रविदास और कबीर पर आ
## टिप्पणी करने का आरोप

गुरमीत राम रहीम पर संतर रविदास और संत कबीर के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करे आरोप लगा है. राष्ट्रीय अनु
आयोग (NCSC) ने एक वायरल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए संस्था के अध्यक्ष विजय सांपला के आदेश पर बयान जारी कि
पंजाब सरकार के अधिकारियों को नोटिस दिया और उन्हें तुरंत एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए भी कहा है.

signatureglobal.in
Commercial Space for Sale
OPEN >



राम रहीम (File Photo)

चंडीगढ़, 19 मार्च 2023, (अपडेटेड 19 मार्च 2023, 7:35 AM IST)

डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख गुरमीत राम रहीम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है. राम रहीम पर संत रविदास और संत कबी
आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (NCSC) ने एक वायरल वीडियो पर संज्ञान ले

---

दैनिक सवेरा टाइम्स

देश विदेश पंजाब उत्तर प्रदेश खेल मनोरंजन बिजनेस लाइफस्टाइल अजब गजब GALLERY



Big 1 पंजाब

## जातिवादी टिप्पणी से परेशान MBBS इंटर्न ने की आत्महत्या, NCSC अध्यक्ष Vijay Sampla ने अमृतसर प्रशासन से मांगा ATR

March 14, 2023 · inder prajapati · Dainik Savera News, Dainik Savera TV, Hindi News, Latest News, MBBS intern commiting suicide, Punjab News, Sri Guru Ram Das Medical College, Vijay Sampla

Spread the News

**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) ने अपने अध्यक्ष विजय सांपला के आदेश पर श्री गुरु राम दास मेडिकल कॉलेज के शिक्षकों द्वारा की गई जातिवादी टिप्पणियों से परेशान होकर कॉलेज के छात्रावास में एक एमबीबीएस इंटर्न द्वारा आत्महत्या कर लेने की घटना का कड़ा संज्ञान लेते हुए अमृतसर जिला प्रशासन के अधिकारियों को नोटिस जारी कर तुरंत कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा है।

में प्रकाशित समाचारों से एनसीएससी को मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि उनकी
क्षकों द्वारा की जा रही जातिवादी टिप्पणियों से परेशान थी, जो कहते थे कि वे उसे डॉक्टर नहीं बनने देंगे।

ग ने तत्काल कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी कर मंडलायुक्त (जालंधर मंडल), पुलिस महानिरीक्षक (सीमा रेंज),
र जिला) और पुलिस आयुक्त (अमृतसर जिला) को मामले की जांच करने और मामले की जांच करने के लिए
ले पर की गई कार्रवाई के तथ्यों और जानकारी के आधार पर, तुरंत, डाक या ईमेल के माध्यम से रिपोर्ट करें।

---

# चाकूबाजी में घायल युवक से मिलने पहुंचे सुभाष पारधी

जबलपुर (जय लोक)। 2 दिन पूर्व घमापुर थाना अंतर्गत प्राणघातक हमले में घायल पीड़ित के पक्ष में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के सदस्य के पास मामला आते ही वे घायल से मिलने अस्पताल पहुंचे। 2 दिन के प्रवास पर आए सुभाष पारधी को जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो वे पीड़ित युवक से मिलने पहुंचे। घमापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले पारस चौधरी को साई पिल्ले एवं जगन पिल्ले ने चाकू से हमला कर घायल कर दिया।



जिस पर घमापुर थाना मे 24 घंटे से अधिक बीत जाने के बावजूद भी आरोपीयों पर कार्यवाही ना होते देख पीड़ित पक्ष ने अनुसूचित जाति आयोग से गुहार लगाई। इस मामले पर एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई के पुलिस प्रशासन को निर्देश दिए।

---

THE TIMES OF INDIA

24°c

Mumbai Delhi Bengaluru Hyderabad Kolkata Chennai Agra Agartala Ahmedabad Ajmer All

SCHOOL AND COLLEGES CHANDIGARH ELECTIONS VIDEOS PHOTOS WEATHER EVENTS BOL DAAL POLLUTION

NDIGARH NEWS / Nat'l SC Panel Seeks Report On FIR Against Ram Rahim

## nel seeks report on FIR against Ram Rahim

IST





Chandigarh: Taking notice of a viral video in which Sirsa Dera chief Gurmeet Ram Rahim is seen making derogatory remarks against Guru Ravidass and Sant Kabir, the National Commission for Scheduled Castes (NCSC) has issued a notice to the Punjab government officials to submit an action-taken report.

NCSC chairperson Vijay Sampla has taken note of the news video going viral on social media that the Ram Rahim has been booked under section 295-A of the IPC (outraging religious feelings) by the Patara police for allegedly using improper language against Guru Ravidass and Sant Kabir in one of his old public addresses and quoting history wrongly, which had hurt the sentiments of the Ravidassia community.

The NCSC has asked the Punjab chief secretary, the DGP, divisional commissioner (Jalandhar division), DIG (Jalandhar range), deputy commissioner (Jalandhar), and SSP (Jalandhar rural) to investigate the matter and to submit action taken report immediately. tnn

# खबरों में आयोग

## National Commission for Scheduled Castes seeks report in MBBS intern's suicide in Amritsar

By HT Correspondent, Chandigarh

Mar 14, 2023 09:58 PM IST

Taking a strong note of an incident in which an MBBS intern allegedly committed suicide at a hostel of Sri Guru Ram Das Medical College, Amritsar, after being upset over the alleged casteist remarks being passed by college teachers, the National Commission for Scheduled Castes (NCSC), on the orders of its chairman Vijay Sampla, issued a notice to the district administration and asked it to submit the action taken report



The victim's mother has alleged that her daughter was upset over the casteist remarks passed by the college teachers. (Representational Photo (Getty Images/iStockphoto))

Taking a strong note of an incident in which an MBBS intern allegedl committed suicide at a hostel of Sri Guru Ram Das Medical College, Amritsar, after being upset over the alleged casteist remarks being p

## देश हित में एनटीपीसी का योगदान सराहनीय
## डॉ अंजू बाला मा. सदस्या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग



ग्रामीण किसानों ने 3 सूत्रीय म

## राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयो
## सोनभद्र पुलिस की सक्रियता को स

शक्तिनगर, सोनभद्र। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग, भारत सरकार की सदस्य डॉ अंजू वाला ने गुरुवार को एनटीपीसी सिंगरौली आवासीय परिसर स्थित अतिथि गृह में पत्रकार वार्ता में अपने ऊर्जांचल कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि दलितों पर अत्याचार और उनके विकास के बाबत यह मिशन काम करता है। इसी के तहत उनका शक्ति नगर आगमन थाना क्षेत्र के बलिया नाला में विगत जुलाई2022 महीने में सामूहिक बलात्कार मामले की स्थलीय वस्तुस्थिति जानने के लिए हुई थी, जहां उन्होंने किशोरी के पिता व परिजनों से मिलकर हाल जाना, पिता पुलिस की कार्यवाही से संतुष्ट दिखे साथ ही हमें जो जानकारी मिली उसमें भी उक्त प्रकरण में शक्तिनगर पुलिस ने अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए तुरंत मामला दर्ज कर किशोरी को बरामद करते हुए दुर्व्य तीनो आरोपियों को गि भेजा।वार्ता के दौरान उ और वि व्यवस्थ उठाते हु दलितों मामले पहुंचने करने प किए ग ऐसा चाहिए। उन से बेरो स क । दिखाने और अन्य कार्यक्रम चलाकर लोगों को अ के प्रति जागृत करने योजनाओं के बाबत वार्ता के दौरान सं अधिकारी, पुलिस अ सहित कई अधिकारी



News / India / Scheduled Castes body asks Punjab Police to take action against Ram Rahim

## Scheduled Castes body asks Punjab Police to take action against Ram Rahim for hurting religious sentiments

The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) asked Punjab government officials, including the state police, to submit an action taken report on Gurmeet Ram Rahim for hurting religious sentiments of the Ravidasia community.

ADVERTISEMENT
The Gateway to your dream home
India's No.1 Property Site
KNOW MORE
magicbricks

Manjeet Sehgal
Chandigarh, UPDATED: Mar 19, 2023 01:47 IST



Dera Sacha Sauda chief Gurmeet Ram Rahim Singh (File photo)

By Manjeet Sehgal: The National Commission for Scheduled Castes (NCSC) on Saturday asked Punjab government officials, including the state police to submit an action taken report on Dera Sacha Sauda chief Gurmeet Ram Rahim Singh for

## देश हित में एनटीपीसी का योगदान सराहनीय
## डॉ अंजू बाला मा. सदस्या राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग



ग्रामीण किसानों ने 3 सूत्रीय म
गांव में किया अनिश्चित कालीन

हिन्दी दैनिक नवदीप संदेश पूर्वान्चल

## देश हित में एनटीपीसी का योगदान सराहनीय-डॉ0 अंजू बाला

सदस्य व निदेशक,राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग एवं निदेशक एनसीएससी, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति हुई गोष्ठी





राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री इकबाल सिंह लालपुरा ने राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के माननीय अध्यक्ष श्री विजय सांपला से शिष्टाचार भेंट की।



हरियाणा राज्य अनुसूचित जाति कमीशन के माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य ने माननीय श्री विजय सांपला जी से भेंट की।
इस दौरान आयोग के माननीय सदस्य श्री सुभाष रामनाथ पारधी भी मौजूद रहे।